0241

Total No. of Questions - **7**

Total No. of Printed Pages - **4**

Regd. No. | | | | | | | | | | |

Part - III

HINDI, Paper - II

(Modern Language)

MODEL QUESTION PAPER

(For the Academic Year 2021-22 only)

***Time :* 3 Hours** ***Max. Marks :* 100**

सूचनाएँ: सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

खण्ड 'क'

I. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए। 2 × 6 = 12

अ) 1) साँई सब संसार में, मतलब का व्यवहार ।
जब लग पैसा गांठ में, तबलग ताको यार ।।
तबलग ताको यार, यार संगही संग डोलै ।
पैसा रहा न पास, यार मुख से नहिं बोलै ।।
कह गिरिधर कविराय, जगत यहि लेखा भाई ।
करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई ।।

2) राम मैं पूजा कहा चढ़ाऊँ । फल अरु मूल अनूप न पाऊँ ।।
थनहर दूध जो बछरू जुठारी । पुहुप भंवर जल मीन बिगारी ।।
मलयागिर बेधियो भुअंगा । विष अमृत दोउ एकै संगा ।।
मन ही पूजा मन ही धूप । मन ही सेऊँ सहज सरूप ।।
पूजा अरचा न जानूँ तेरी । कह रैदास कवन गति मेरी ।।

3) सेस गनेस महेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरन्तर गावैं ।
जाहि अनादि अनन्त अखण्ड अछेद अभेद सुवेद बतावै ।।
जाहि हिये लखि आनन्द ह्वै जड़ मूढ हिये रसखानि कहावै ।
ताहि अहीर की छोहरियाँ छछियाँ भरि छाछ पै नाच नचावै ।।

अथवा

आ) 1) तुम विश्व-मंच पर हुए उदित
बन जग-जीवन के सूत्रधार,
पट पर पट उठा दिए मन से,
कर नर-चरित्र का नवोद्धार ।

2) और अचानक एक दिन
तुमने उठा ही तो लिया
उस कनक घट का ढक्कन
पाया उसे विष-रस भरा

3) देख स्वप्न भावी के, देख स्वप्न स्वर्ण के,
करो कठोर साधना, करो सत्य स्वप्न को ।
सुदेश यह अजेय है, स्वदेश यह महान है,
महा निशीथ-गर्भ में छिपा हुआ विहान है ।

II. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं दो की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए। 2 × 6 = 12

अ) ''भागीरथी के उस तट पर किसी गुरु को किसी शिष्य से कभी ऐसी दक्षिणा मिली होगी ऐसा मुझे विश्वास नहीं, परंतु उस दक्षिणा के सामने संसार में अब तक सारे आदान-प्रदान फीके जाने पड़े ।''

आ) जब फिर उस ओर जाने का मुझे अवकाश मिल सका तब घीसा को उसके भगवान जी ने सदा के लिए पढ़ने से अवकाश दे दिया था ।''

इ) ''यह दिन भी था देखने को - और आजादी के नाम पर ।''

ई) हम विदेश में नहीं है शिप्रा । हमारे देश में ऐसा नहीं होता ।

III. निम्नलिखित में से किसी एक कविता का सारांश लिखिए । 1 × 10 = 10

अ) बुद्ध और नाचघर

आ) बापू के प्रति

इ) स्वर्ण स्वप्न देश का

IV. निम्नलिखित में से किसी एक पाठ का सारांश लिखिए । 1 × 10 = 10

अ) देत सिख सिखयों न मानत

आ) रामनरेश त्रिपाठी से साक्षात्कार

इ) घीसा

ई) जहाँ आकाश दिखाई नहीं देता

V. अ) निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर लिखिए । 1 × 10 = 10

1) 'राज्यश्री' नाटक की कथावस्तु को सप्रमाण समझाइए ।

2) हर्षवर्धन के मन में वैराग्य भावना का कारण क्या था ?

3) राज्यश्री नाटक के उद्देश्य को सप्रमाण समझाइए ।

आ) निम्नलिखित में से किसी एक पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए। 1 × 6 = 6

1) हर्षवर्धन

2) राज्यश्री

3) सुरमा

खण्ड 'ख'

VI. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर लिखिए । 1 × 8 = 8

1) विज्ञापन की आवश्यकता क्यों पड़ती है ?

2) दस ऐसे सामानों की सूची बनाएँ, जिनके विज्ञापन खूब नज़र आते या सुनायी देते हों ।

3) जनसंचार के विभिन्न प्रसिद्ध माध्यमों की प्रसिद्धि में हिन्दी के योगदान को रेखांकित कीजिए।

VII. अ) निम्नलिखित शब्दों की हिन्दी शब्दावली प्रस्तुत कीजिए 8 × 1 = 8

1. Correspondence
2. Manager
3. Blood Bank
4. Immunity
5. Dentist
6. Pollution
7. Microscope
8. Cell

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो अलंकारों की परिभाषा देकर उदाहरण सहित समझाइए । 2 × 4 = 8

1. अनुप्रास अलंकार
2. अतिशयोक्ति अलंकार
3. रूपक अलंकार
4. उपमा अलंकार
5. यमक अलंकार

इ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो छन्दों की परिभाषा देते हुए उदाहरण दीजिए । 2 × 4 = 8

1. दोहा
2. सोरठा
3. चौपाई
4. गीतिका
5. रोला

ई) निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर लिखिए । 1 × 8 = 8

1) व्यंजना किसे कहते हैं ? उसके कितने मुख्य भेद हैं ?

2) शब्द शक्ति किसे कहते है ? यह कितने प्रकार की होती है ?

———————